## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 1-11-25 | 4 | 6-8 |

# एचएयू में सम्मेलन 3 से, 400 प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 3 व 4 नवंबर को 'संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, खाद्य, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य' (सफर) 2025 विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन 3 नवंबर को कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (एएसआरबी) के चेयरमैन डॉ. संजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि करेंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

सम्मेलन के संयोजक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि इस सम्मेलन में सैलकुक यूनिवर्सिटी सारायोनू वोकेशनल

## सम्मेलन में टर्की, जापान, फ्रांस व डेनमार्क के प्रतिनिधि लेंगे भाग

स्कूल, कोन्या, टर्की से सैयदी अहमत बागसी, लैबोरेट्री ऑफ प्लांट न्यूट्रीशन होकाईदो यूनिवर्सिटी, जापान से प्रोफेसर टाकूरो शीनानो, लैबोरेट्री आफ सॉयल साइंस क्योटो- प्रीफेक्चूरल यूनिवर्सिटी जापान से प्रोफेसर जुंटा यानाई, पोस्ट डाकटरल रिसर्चर लैबोरेट्री आफ प्लांट न्यूट्रीशन होकिदो यूनिवर्सिटी जापान से उच्छीबायासी, फोर्मर साइंटिस्ट एट आईएनआरएई फ्रांस से आर्थर रीडैकर और नोर्डिक सीड, डेनमार्क से अहमद जाहूर भाग लेंगे।

सम्मेलन के आयोजन सचिव व अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि यह सम्मेलन मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में एचएयू एवं सोसाइटी फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड रिसोर्स मैनेजमेंट, (एसएसएआरएम) हिसार की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

इस सम्मेलन में विभिन्न विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, निजी औद्योगिक इकाईयों सहित लगभग 400 प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में कई तकनीकी सत्र आयोजित होंगे, जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन के दौरान नवीनतम शोध व तकनीकी विकास बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी। यह सम्मेलन कृषि वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 1-11-25 | 2 | 1 |

## हरियाणा दिवस पर एचएयू में कार्यक्रम आज

हिसार • विज्ञप्ति : हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राज्य की स्थापना दिवस से संबंधित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कृषि में नवाचार और ग्रामीण विकास की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की स्टालें लगाई जाएंगी, जिनमें घरेलू उत्पाद, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के साथ-साथ हरियाणा की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 1-11-25 | 3 | 5-6 |

## युवा सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लें : डा. पाहुजा




डा. एसके पाहुजा झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए • जागरण

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि. में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर हुआ एकता दौड़ का आयोजन**

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एनएसएस द्वारा रन फार यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डा. एसके पाहुजा ने झंडी दिखाकर किया। डा. एसके पाहुजा ने बताया कि रन फार यूनिटी का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और एकजुटता के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए सरदार पटेल के आदर्शों और कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डा. भगत सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डा. सीएस डागर तथा अन्य कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 1-11-25 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 3 से

हिसार, 31 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 3 व 4 नवंबर को 'संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, खाद्य, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य' (सफर) 2025 विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्घाटन 3 नवंबर को कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड के चेयरमैन डॉ. संजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि करेंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन में करीब 400 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 1-11-25 | 12 | 1 |

## हकृवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 3 नवंबर से

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 3 व 4 नवंबर को 'संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, खाद्य, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य' (सफर) 2025 विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्घाटन 3 नवंबर को कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (एएसआरबी) के चेयरमैन डॉ. संजय कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर करेंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 1-11-25 | 7 | 5-5 |




डॉ. एसके पाहुजा झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए।

## हकृवि में राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' आयोजित

हिसार, 31 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एनएसएस द्वारा रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने झंडी दिखाकर किया। डॉ. एसके पाहुजा ने अपने संबोधन में बताया कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और एकजुटता के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए सरदार पटेल के आदर्शों और कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सी.एस. डागर तथा अन्य कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, दोनों महाविद्यालयों के एन.सी.सी. छात्र-छात्राओं ने अपने ए.एन.ओ. डॉ. विक्रम के नेतृत्व में सक्रिय रूप से भागीदारी की।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 31.10.2025 | | |

# हकृवि में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 3 नवंबर से

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 3 व 4 नवंबर को 'संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, खाद्य, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य' (सफर) 2025 विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्घाटन 3 नवंबर को कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (एएसआरबी) के चेयरमैन डॉ. संजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि करेंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन के संयोजक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सैलकुक युनिवर्सिटी सारायोनू वोकेशनल स्कूल, कोन्या, टर्की से सैयदी अहमत बागसी, लैबोरेट्री आफ प्लांट न्यूट्रीशन होकाईदो यूनिवर्सिटी, जापान से प्रोफेसर टाकूरो शीनानो, लैबोरेट्री आफ सॉयल साइंस क्योटो-प्रीफेक्चूरल यूनिवर्सिटी जापान से प्रोफेसर जुंटा यानाई भाग लेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 31.10.2025 | | |

# हकृवि में राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन




डॉ. एसके पाहुजा झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए

**सिटीपल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एनएसएस द्वारा रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने झंडी दिखाकर किया।

डॉ. एसके पाहुजा ने अपने संबोधन में बताया कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और एकजुटता के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए सरदार पटेल के आदर्शों और कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सी.एस. डागर तथा अन्य कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, दोनों महाविद्यालयों के एन.सी.सी. छात्र-छात्राओं ने अपने ए.एन.ओ. डॉ. विक्रम के नेतृत्व में सक्रिय रूप से भागीदारी की।